डा० गिरजा उराँव
एसोसिएट प्रो०
R.M.C. सासाराम

B.A. III Hons
Session-2019-20
Subject Psy Paper VII
Group-A

4. कर्मचारी तथा कर्मचारी (worker and worker)

औद्योगिक उत्पादन के लिए हड़ताल एवं तालाबन्दी कम करने के लिए एवं सम्पूर्ण औद्योगिक वातावरण को अनुकूल बनाए रखने के लिए कर्मचारी एवं कर्मचारी के बीच के संबंधों को मनोवैज्ञानिक होना भी अति आवश्यक है। कैसे कर्मचारियों के बीच के संबंधों को ठीक किया जाये: इसकी एक मुख्य समस्या है। कारण यह है कि इससे उद्योगपति को तो प्रायः फायदा हो जाता है पर राष्ट्रीय संपत्ति को अंततः नुकसान पहुँचाता है। उद्योगपति सारी बातों को बखूबी समझता है वह जानता है कि जिस दिन मजदूरों के बीच एकता हो जायेगी वे उसकी पूँजीवादी व्यवस्था को तहस-नहस कर देंगे। अतः वे कुछ मजदूर नेताओं को विशेष प्रलोभन देकर फूट-डालने का काम करते है उन्हें आपस में लड़ाते है कभी-कभी मुकदमे बाजी मे भी फँसा देते है। इसके चलते मजदूर संगठन के संचालकों एवं कार्यकर्ताओं की सारी शक्ति समाप्त हो जाती है। शोषण एवं दमन की नीति का सामना करने के पहले ही शक्तिहीन हो जाते हैं। इन सारी स्थितियों से कैसे निपटा जाए इसका अध्ययन औद्योगिक मनोविज्ञान की एक मुख्य समस्या है।